दैनिक जागरण 19/10/2024

जोनल यूथ फेस्टिवल के पहले दिन छाए एसडी कालेज के कलाकार

जागरण संवाददाता • अंबाला : शुक्रवार को अंबाला कैंट के सनातन धर्म (एसडी) कालेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कुविवि) युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा जोनल यूथ फेस्टिवल 2024 का आयोजन किया गया। इस दौरान अंबाला मंडल की आयुक्त गीता भारती मुख्य अतिथि रहीं, जिनका स्वागत मेजबान कालेज के प्राचार्य डा. राजेंद्र सिंह राणा, यूथ फेस्टिवल की संयोजक डा. विजय शर्मा, आयोजन सचिव डा. सोनिका सेठी व अन्य ने किया। जोनल यूथ फेस्टिवल के पहले दिन मेजबान एसडी कालेज के कलाकार छाए रहे। यह यूथ फेस्टिवल 20 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि इस दौरान कुल 43 विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति को संजोये रखने में आज की युवा पीढ़ी की विशेष भूमिका है। विद्यार्थियों का शिक्षा के साथ साथ इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधिओं में भाग लेना भी अनिवार्य है। इस अवसर पर कालेज की प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य विष्णु दत्त शर्मा एवं शबनम नाथ, आर्य गर्ल्स कालेज की प्राचार्य डा. अनुपमा आर्य, एसए जैन कालेज शहर की प्राचार्य डा. आभा बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से डा. हरविंदर राणा कल्चरल इंचार्ज, डा. सुभाष तंवर प्राचार्य डीएवी कालेज पुंडरी, डा. अनीता जून प्राचार्य गवर्नमेंट कालेज दादूपुर रोरान करनाल एवं डा. सुनील कुमार एसोसिएट प्रोफेसर बिलासपुर-ज्यूरी एवं प्रो. आनंद कुमार कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय की ओर से डीवाईसीए आब्जर्वर के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा डा. रतन सिंह ढिल्लों, डा. नवीन गुलाटी, डा. एनके शर्मा, डा. युवी सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन अंग्रेजी विभाग की सह-प्राध्यापक हररूप विर्क ने किया।

अंबाला कैंट के एसडी कालेज में जोनल यूथ फेस्टिवल के दौरान हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। • जागरण

अंबाला कैंट के एसडी कालेज में जोनल यूथ फेस्टिवल के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। • जागरण

- कुविवि युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा फेस्टिवल का आयोजन
- प्राचीन संस्कृति को संजोए रखने में युवा पीढ़ी की विशेष भूमिका : मंडलायुक्त गीता भारती

एसडी कालेज में जोनल यूथ फेस्टिवल के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। • जागरण

अंबाला कैंट के एसडी कालेज में जोनल यूथ फेस्टिवल के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि अंबाला मंडल की आयुक्त गीता भारती को मंच पर सम्मानित करते प्राचार्य डा. राजेंद्र सिंह राणा व मौजूद अन्य।

यह रहे परिणाम

- कोरियोग्राफी में एसडी कालेज अंबाला छावनी पहले, राजीव गांधी राजकीय कालेज साहा दूसरे और एसए जैन कालेज अंबाला शहर तीसरे स्थान पर रहा
- हरियाणवी लूर नृत्य में एसडी कालेज अंबाला छावनी पहले, एसए जैन कालेज अंबाला शहर दूसरे एवं डीएवी अंबाला शहर तीसरे स्थान पर रहा
- शास्त्रीय नृत्य (एकल) में एसडी कालेज अंबाला छावनी पहले व राजकीय स्नातकोत्तर कालेज अंबाला कैंट दूसरे स्थान पर रहा
- हरियाणवी एकल नृत्य (स्त्री श्रेणी) में एसडी कालेज अंबाला छावनी पहले, राजकीय महिला कालेज शहजादपुर दूसरे तथा एसए जैन कालेज अंबाला शहर तीसरे स्थान पर रहा
- लोक गीत हरियाणवी (एकल) में एसडी कालेज अंबाला छावनी पहले, जीएमएन कालेज अंबाला छावनी दूसरे तथा राजकीय कालेज नारायणगढ़ तीसरे स्थान पर रहा

यह प्रतियोगिताएं हुई : यूथ फेस्टिवल के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कालेज के जनसंपर्क अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि इस दौरान कोरिओग्राफी, हरियाणवी लूर नृत्य, रिचुअल्स माइम, हरियाणवी पाप सांग, शास्त्रीय नृत्य, हरियाणवी एकल नृत्य, संस्कृत नाटक, लोक गीत हरियाणवी, लोक गीत, लाइट वोकल इंडियन, शास्त्रीय गायन, सामूहिक गीत, रंगोली, आन द स्पाट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग और क्विज आदि की प्रस्तुति की गई। पहले दिन कुल 17 प्रतियोगिताओं का मंचन किया गया। विभिन्न वेन्यू पर मंच संचालन डा. छवि किरण, डा. प्रेम सिंह, प्रो. तजिंदर सिंह, डा. हिना अरोरा, डा. जोगिंद्र रोहिल्ला, भूपिंदर कौर आदि ने विशेष भूमिका निभाई।

जीएमएन कालेज के कलाकारों का दमदार प्रदर्शन : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के कलाकारों ने जोनल यूथ फेस्टिवल में दमदार प्रदर्शन किया।

कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त, कालेज के सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डा. राजेंद्र देसवाल ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन कालेज के छात्रों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया और कई पुरस्कार अपने नाम किए। संगीत, नाटक कला, संस्कृत नाटक, पेंटिंग, क्विज और माइम जैसी गतिविधियों में अपनी प्रतिमा का प्रदर्शन किया।